an>

Title: Regarding providing facilities to retired personnel of paramilitary forces at par with ex-servicemen -laid.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): अर्धसैनिक बल के जवान (पैरामिलिट्री फोर्सेस) पूरी निष्ठा और देशभक्ति के साथ देश की सरहदों की रक्षा व आन्तरिक सुरक्षा व्यवस्था को संभालने में अपनी अहम भूमिका अदा करते है। प्राकृतिक आपदायें बाढ़-भूकंप के समय व आवश्यकता पडने पर राज्यों में कानून व्यवस्था बनाये रखने सहित दंगाग्रस्त इलाकों में अर्धसैनिक बलों का सराहनीय योगदान किसी से भी छिपा नहीं है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने 23 नवंबर 2012 को सभी राज्य सरकारों को मेमोरेंडम जारी कर अर्धसैनिक बलों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके परिवारों को सेवानिवृत्त सैनिकों की तरह ही सुविधायें प्रदान करने के लिये कहा था। लेकिन वर्तमान में कुछ ही राज्य सरकारों द्वारा यह सुविधा प्रदान की जा रही है। अर्धसैनिक बलों की राष्ट्र के प्रति सेवा भाव को देखते हुये शेष बचे राज्यों में भी सेवानिवृत्त अर्धसैनिक बलों के जवानों को सेवानिवृत्त सैनिकों की तरह ही सुविधायें मिल सकें इस हेतु भी प्रयास करने चाहिये ।